सीएसआईआर–केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं.: 35/12/2020-राभा **दिनांक:** 16.12.2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय: लैंगिक उत्पीड़न निवारण सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन।
संदर्भ: सीएसआईआर मुख्यालय का परिपत्र सं. 17-02(Reports)/2023/HR-III, दिनांक 12.12.2025

भारत सरकार के सभी कार्यालयों में 10-17 दिसंबर, 2025 की अवधि को लैंगिक उत्पीड़न निवारण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। सीएसआईआर मुख्यालय के उपर्युक्त परिपत्र के अनुसरण में संस्थान में सभी सहकर्मियों के लाभार्थ एक **आमंत्रित व्याख्यान** का आयोजन किया जा रहा है। व्याख्यान का उद्देश्य संस्थान के सभी सहकर्मियों में *कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, (Prevention of Sexual Harassment Act) 2013* के प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समावेशी कार्य परिवेश को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम विवरण निम्नवत है -

आमंत्रित व्याख्यान (लैंगिक उत्पीड़न निवारण विषयक)
आमंत्रित वक्ता : प्रोफेसर संगीता शर्मा, बिट्स पिलानी
दिनांक : 18 दिसंबर, 2025
समय : सायं 3.45 बजे से
स्थान : पुराना सभागार

कृपया सभी सहकर्मी उपर्युक्त विवरणानुसार पुराने सभागार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा लैंगिक उत्पीड़न निवारण संबंधी प्रावधानों एवं अन्य संगत जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हों।

मधुरंजन 16/12/2025
(मधुरंजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि (सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु) :
1. निदेशक कार्यालय
2. प्रशासन नियंत्रक/वरिष्ठ वित्त एवं लेखा नियंत्रक
3. सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख/यूनिट प्रमुख
4. प्रमुख, एआईटीजी/एनएमसी - वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
5. अध्यक्ष/सचिव, सीरी कैफेटेरिया - कार्यक्रम के उपरांत चायपान की व्यवस्था के लिए
6. सूचना पट्ट